an>

Title: Need to make public the names and action taken against the persons involved in leaking of All India Pre-Medical test Paper.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) : माननीय उपाध्यक्ष जी, चाहे यूपीएससी का मामला हो, कर्मचारी चयन आयोग का मामला हो या आईएएस अकेडमी में एक छात्रा का अनाधिकृत ट्रेनिंग लेने का मामला हो। आज मैंने अखबार में पढ़ा और मैंने इसका नोटिस भी दिया है, सीपीएमटी के पेपर लीक हुए हैं। चाहे यूपीएससी या कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा का मामला हो, इससे स्वायत्तशासी संस्थाओं की विश्वसनीयता पर संकट पैदा हो रहा है और इससे देश में छात्रों में अविश्वास बढ़ रहा है। हम जैसे मध्यमवर्गीय लोग जब इस तरह की घटनाओं को देखते हैं तो हमें बच्चों के आने वाले भविÂय के लिए शंका पैदा होने लगती है।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि जितनी भी स्वायत्तशासी संस्थाएं हैं, इनके गठन और क्रियान्वयन पर एक बार सदन को जरूर विचार करना चाहिए। जब उनका मतलब आता है तो ट्रेनी छः महीने की अवैध ट्रेनिंग देते हैं, तब कोई कानून आड़े नहीं आता है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, जो सार्वजनिक होनी चाहिए ताकि लोग इस तरह का दुस्साहस न कर सकें।

HON. DEPUTY SPEAKER:

Shri Nishikant Dubey,

Shri Gajendra Singh Shekhawat,

Shrimati Riti Pathak,

Shrimati Santosh Ahlawat,

Shri P.P. Chaudhary and

Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri Prahlad Singh Patel.